छात्रवृत्ति- शिक्षा हेतु आर्थिक संबल

पंकज वर्मा (स.अ.)
पी.एम. श्री उ.प्रा.वि.,
खूँटी खुर्द, लखीमपुर-खीरी

नवाचार की आवश्यकता – कोई भी प्रतिभाशाली विद्यार्थी धनाभाव के कारण शिक्षा ग्रहण करने से वंचित न रह जाए ऐसे सभी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्राप्त करने में सहयोग करना, इस नवाचार का उद्देश्य है। इसके साथ ही विद्यालय में बच्चों के नामांकन, उपस्थिति व ठहराव में वृद्धि एवं विद्यार्थियों में प्रतियोगी प्रवृत्ति का विकास करना है।

क्रियान्वयन– पी0एम0 श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय (1–8) खूँटी खुर्द में अध्ययनरत विद्यार्थी ग्रामीण क्षेत्र से हैं जिनके अभिभावक आर्थिक कठिनाइयों के कारण अपने बच्चों की शिक्षा पर ध्यान नहीं दे पा रहे थे। प्रायः कोई न कोई विद्यार्थी, शिक्षक से बोलता था कि "मेरे पापा के पास पैसे नहीं है इसलिए मैं पेन कॉपी नहीं ला पाया।" उस समय कुछ विद्यार्थियों को शिक्षक ने कॉपी–पेन लाकर दिया लेकिन यह क्रम आखिर कब तक चलता। इस समस्या का स्थाई हल निकालने के लिए शिक्षक वर्तमान में पढ़ रहे विद्यार्थियों और पूर्व विद्यार्थियों

हेतु छात्रवृत्तियों की खोज में लग गया। फलस्वरूप कई छात्रवृत्तियों जैसे– NMMSE, श्रेष्ठा, पीएम यशस्वी, आदि के बारे में विद्यार्थियों को प्रतिभाग कराना प्रारम्भ किया। प्रारंभ में विद्यार्थियों के पास स्मार्ट फोन या कम्प्यूटर न होने से काफी समस्या आयी फिर अपने पुराने और नए दोनों फोन, लैपटॉप और स्कूल के कम्प्यूटर से ही विद्यार्थियों का पंजीकरण करना प्रारम्भ किया। पहले ही प्रयास में विद्यालय के 8 विद्यार्थियों को 20 हजार रुपये (प्रति विद्यार्थी) Vodaphone Idea Student Scholarship प्राप्त हुई, जिससे उन्हें प्रोत्साहन और ऊर्जा मिली।

छात्रवृत्तियों के फॉर्म भरने हेतु दस्तावेजों को बनवाना, फार्म भरना, संबंधित पुस्तकों की व्यवस्था करना, साथ ही उस स्कॉलरशिप की परीक्षा के लिए तैयारी करवाना, परीक्षा स्थल तक पहुँचाने हेतु विद्यार्थियों और अभिभावकों को प्रोत्साहित करना आदि कार्य शिक्षक द्वारा किया जाता है।



इस कार्य को और प्रभावशाली बनाने के लिए अपने विद्यालय के पुरातन विद्यार्थियों का सहयोग लिया जाता है और उनके अनुभवों को विद्यार्थियों के साथ साझा किया जाता है ।

प्रतिदिन सुबह व्हाट्सअप ग्रुप पर शिक्षण सामग्री प्रेषित कर प्रतियोगिता की तैयारी के लिए प्रेरित करने तथा आने वाली छात्रवृत्ति परीक्षा की जानकारी प्रदान करने का कार्य किया जाता है। इससे विद्यार्थी छात्रवृत्ति परीक्षाओं के लिए हमेशा सचेत रहते हैं और उनकी परीक्षाओं की तैयारी उनके शैक्षिक उन्नयन में भी सहायता करती है। विद्यालय मे होने वाली शिक्षक–अभिभावक बैठक में ऐसे कार्यक्रमों की चर्चा कर विद्यार्थियों को विद्यालय भेजने और योजना

का लाभ प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया जाता है। अपने विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ–साथ पड़ोस के विद्यालयों के विद्यार्थियों को भी छात्रवृत्ति प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित किया जाता है। संकुल–शिक्षक बैठक, BRC, DIET आदि में जब भी शिक्षक को वक्ता/संदर्भदाता के रूप में अवसर मिलता है, सभी छात्रवृत्तियों की जानकारी प्रदान की जाती है।

प्रभावः– इस नवाचारी प्रयास के पश्चात् अब विद्यालय में पड़ोसी गांवो से भी बच्चे इस आशय से आने के लिए आतुर रहते हैं कि इस विद्यालय में छात्रवृत्ति के लिए तैयारी करायी जाती है। विद्यालय मे एक सकारात्मक प्रतियोगी माहौल रहता है। विद्यार्थियों का धनाभाव के कारण होने वाला ड्रॉपआउट बंद हुआ और नामांकन में वृद्धि हुई।

फलस्वरूप विद्यालय के पूर्व छात्र भी प्रातियोगी परीक्षाओं जैसे– पुलिस, लेखपाल, सैनिक व शिक्षक भर्ती परीक्षा आदि की परीक्षा की तैयारी करने लगे हैं।



प्रमुख छात्रवृत्तियाँ से लाभान्वित छात्र–छात्राएं निम्न हैं–

क्र.स.	छात्रवृत्ति	लाभान्वित छात्र/छात्राएं	वर्ष	अन्य
1	AURO SCHOLAR	200 +	2019–2024	1000 रुपये प्रति माह
2	VI STUDENT SCHOLARSHIP	4	2020–2021	20000 रुपए प्रति छात्र

3	BUDY4STUDY	50+	2021–2024	योजना के अनुसार
4	NMMSE	2 3 3	2021 2022 2023	प्रति छात्र 1000वीं तक की शिक्षा हेतु 12
5	OTHER SCHOLAR	30+	2020–2024	योजना के अनुसार

इस प्रयास के कारण अनेको प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पढ़ने और आगे बढ़ने का मौका मिला और साथ ही इस विद्यालय की पहचान ब्लाक स्तर से प्रदेश स्तर पर एक विशेष विद्यालय के रूप में हुई।